# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## रोहित सराफ : अब ‘नेशनल क्रश’ नहीं, बन चुके है नंए जमाने के लीडिंग मैन।

Publisher | Published on 02 Jul 2025




## OTT से लेकर बड़े पर्दे तक, रोहित सराफ अब सिर्फ एक प्यारा चेहरा नहीं बल्कि मजबूत किरदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले अभिनेता के रूप मे उंभर रहे है।

**OTT से थिएटर तक का सफर**

**रोहित सराफ** ने जब ‘**डियर जिंदगी**‘ और ‘**द स्काई इज़ पिंक**‘ जैसी फिल्मों से शुरुआत की, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि कुछ ही वर्षों में वे ‘**नेशनल क्रश**‘ की उपाधि पा लेंगे। लेकिन **Netflix** की वेब सीरीज़ ‘**Mismatched**‘ ने उन्हें देशभर में युवाओं का चहेता बना दिया।

उनकी **सादगी, मासूमियत** और **अभिनय की गहराई** ने दर्शकों को उनसे जोड़ दिया। लेकिन रोहित यहीं नहीं रुके – उनका सफर 2024 में ‘**इश्क विश्क रिबाउंड**‘ के साथ नए मुकाम पर पहुंचा और अब 2025 में **धर्मा प्रोडक्शंस** की फिल्म ‘**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**’ में उनका **आत्मविश्वासी अंदाज़ दर्शकों** को एक नए रोहित से मिलवाने वाला है।

“**मै कंहानियों को पहले रखता हूं, माध्यम को नहीं**” – **रोहित सराफ**

जहां अधिकतर अ**भिनेता OTT** और **सिनेमा** के बीच अंतर की बात करते हैं, वहीं रोहित का दृष्टिकोण बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा:

“मुझे बहुत किस्मत वाला मानता हूं खुद को। OTT ने मुझे लोगों से जोड़ा और पहचान दी, और अब फिल्में मुझे नए चैलेंज और बड़ा प्लेटफॉर्म दे रही हैं। लेकिन मेरे लिए बस वो कहानियाँ जरूरी हैं जो लोगों के दिलों को छू लें, चाहे वो कहीं भी हों।”

उनकी यह सोच ही उन्हें अलग बनाती है – एक ऐसा कलाकार जो माध्यम से नहीं बल्कि भावना से जुड़ता है।

**रोहित सराफ :** सिर्फ '**बॉय नेक्स्ट डोर**' नहीं, अब हैं लीडिंग मैन

अब दर्शक रोहित को केवल क्यूट इमेज में नहीं बल्कि एक परिपक्व, सोच-समझ रखने वाले और हर तरह की भूमिका निभा सकने वाले **लीडिंग मैन** के रूप में देख रहे हैं। '**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**' में उनका किरदार इस बात का प्रमाण होगा कि वह सिर्फ "**लव इंटरेस्ट**" नहीं बल्कि एक मजबूत स्तंभ भी हो सकते हैं।

**आने वाले प्रोजेक्ट्स पर नज़र**

**रोहित सराफ** की झोली में आने वाले दिनों में कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में अपने लिए एक खास जगह बनाई है – जहां **स्टारडम की चकाचौंध** से ज़्यादा किरदार की गहराई मायने रखती है।

जल्द ही वे एक **सोशल ड्रामा फिल्म** और एक **इंटरनेशनल वेब सीरीज़** में भी नज़र आ सकते हैं, जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.